# **12.** जब मुझको साँप ने काटा

प्रश्न **1.** नाना मुझे झाड़-फूँक वाले आदमी के पास क्यों ले गए**?**

उत्तर**-** नाना ने देखा कि ऊँगली पर नीला निशान पड़ गया| उन्होंने समझा साँप ने काट लिया है, इसलिए साँप के काटे का झाड़-फूँक से इलाज़ करने वाले आदमी के पास ले गए |

प्रश्न **2.** मैं बूढ़े आदमी को क्या बताना चाहता था**?**

उत्तर**-** मैं बूढ़े आदमी को बताना चाहता था कि मुझे साँप ने नही, बल्कि बर्र ने काटा है|

प्रश्न **3.** जब साँप नारियल के खोल में घुस गया तो मैंने क्या किया था**?** मैंने ऐसा क्यों किया होगा**?**

उत्तर**-** जब साँप नारियल के खोल में घुस गया तो मैंने एक पत्थर के टुकड़े से खोल का मुँह बंद कर दिया था| मैंने ऐसा अनजाने में किया होगा|

प्रश्न **4.** क्या बूढ़े आदमी ने सचमुच मेरा इलाज़ कर दिया था **?** तुम ऐसा क्यों सोचते हो **?**

उत्तर**-** बूढ़े आदमी ने सचमुच इलाज़ नही किया था | हम ऐसा इसलिए सोचते है कि तुम्हें साँप ने काटा ही नहीं था |

प्रश्न **5.** मुझे असल में साँप ने नही काटा था **|** फिर मैंने कहानी का नाम जब मुझको साँप ने काटा क्यों रखा है **?** तुम इससे भी अच्छा कोई नाम सोचकर बताओ **|**

उत्तर**-** मैंने कहानी का यह नाम इसलिए रखा, क्योंकि नाना-नानी तथा झाड़-फूँक वाले ने यही समझा कि मुझे साँप ने काटा है |
इस कहानी का शीर्षक- 'झाड़-फूँक' या 'नाना की नासमझी' हो सकता है |

---

प्रश्न **6-** कहानी में लड़के को बर्र काट लेती है **|** बर्र का डंक होता है **|** कुछ और कीड़ों **(**जन्तुओं**)** का नाम लिखो जो डंक मारते हैं**?**

उत्तर**-** मधुमक्खी, बिच्छु, ततैया |

## तुम्हारी बात

**प्रश्न 1.** मैं बूढ़े को कुछ बताना चाहता था पर बता न सका **|** क्या तुम्हारे साथ भी कभी ऐसा हुआ है **?**
**उत्तर-** हाँ, मेरे साथ भी ऐसा कुछ हुआ है | जब मैं मम्मी को यह बनाना चाहता था की मुझे किसी ने नही मारा, बल्कि यह चोट मुझे खुद गिरने से लगी है, लेकिन बता नही सका |
**प्रश्न 2.** क्या तुमने कभी साँप देखा है **?** तुमने साँप कहाँ देखा **?** उसे देखकर तुम्हें कैसा लगा **?**
**उत्तर-** मैंने साँप चिड़ियाघर में देखा है | उसे देखकर मुझे डर लगा |
**प्रश्न 3.** अपने घर पर पूछो कि अगर किसी को साँप काट ले तो वे क्या करेंगे**?**
**उत्तर-** अपने घर पूछने पर पता चला कि यदि किसी को साँप काट ले तो उसे तुरंत अस्पताल ले जाएँगे व ज़हर उतारने का हर संभव प्रयास करेंगे |

## अब क्या करें ?

**प्रश्न-** तुम क्या करोगी अगर तुन्हें या तुम्हारे आस**-**पास**:**
***** किसी को बर्र काट ले **?**
**उत्तर-** साफ़ लोहे की चीज़ से उसे स्थान को रगड़ देंगे | यदि नौसादर हो तो वह लगा देंगे |
***** किसी को चोट लग जाए **?**
**उत्तर-** उसे प्राथमिक सहायता देंगे | पट्टी बाँधेंगे और फिर अस्पताल ले जाएँगे |
***** किसी की आँख में कुछ पड़ जाए **?**
**उत्तर-** उसकी आँख की ऊपरी और निचली पलक को हलके से पकड़कर हिला देंगे व स्वच्छ पानी से उसकी आँख धुलवाएँगे |
***** किसी की नाक़ से खून बहने लगे **?**
**उत्तर-** उसे पीठ के बल लिटाकर सिर नीचे झुका देंगे और सिर पर ठंडा पानी डालेंगे |

## ज़रा सोचो तो

**प्रश्न 1.** नारियल के खोल जैसी और कौन-सी चीज़ों में साँप छिप सकता था?
**उत्तर-** टूटी हुई हँडिया में, घास-फूस में, टूटे-फूटे बर्तनों में, टूटे-फूटे खिलौनों में |
**प्रश्न 2.** वह खोल अहाते में कैसे पहुँचा होगा ?
**उत्तर-** नारियल का इस्तेमाल करने के बाद खोल को किसी ने अहाते में फेंक दिया होगा |

---

## गृहकार्य

## घर के हिस्से

नीचे कुछ शब्द दिए गए हैं | उन शब्दों में से कुछ शब्द घर से संबंधित है | उन पर घेरा लगाओ |

उत्तर-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अहाता | आँगन | बरामदा | ज़ीना | अटारी |
| आला | घेर | सीढ़ी | छत | सड़क |
| रसोई | छज्जा | दालान | अस्तबल | रहत |
| नहर | पुलिया | जोहड़ | डाकघर | टाँड़ |
| कमरा | मूँडेर | | | |

---

## क्या समझे !

प्रश्न- नीचे लिखे वाक्यों का मतलब बताओ-
* साँप पास की झाड़ी में गायब हो गया |
उत्तर- साँप पास की झाड़ी में छिप गया|
* वह चट मुझे गोद में उठाकर भागे |
उत्तर- वह जल्दी से मुझे उठाकर दौड़े|
* अब बच्चा खतरे से बाहर है |
उत्तर- अब बच्चा सुरक्षित है, उसकी जान को कोई खतरा नहीं है |
* नाना ने उसके लिए बहुत-सी चीज़े भेंट में भेजीं |
उत्तर- नाना ने उसके इलाज़ के बदले में बहुत-सी चीज़ें उपहार में दी|

## क्या कहोगे ?

प्रश्न- तुम लड़के को क्या कहोगे ? कारण देकर बताओ |
निडर, नादान, होशियार, शरारती, डरपोक, शर्मिला |
( याद रखो वह खोल में साँप लेकर भागा था |)
उत्तर- नादान

## दो-दो बार

साँप धीरे-धीरे रेंग रहा था |
प्रश्न- यहाँ धीरे शब्द को दो बार इस्तेमाल किया गया है | ऐसे ही और कुछ शब्द लिखो और उनसे वाक्य बनाओ |
उत्तर-

| | |
|---|---|
| चलते-चलते | वह चलते-चलते गिर पड़ा |
| पीछे-पीछे | तुम पीछे-पीछे क्यों चल रहे हो |
| धीरे-धीरे | धीरे-धीरे चलो |
| अलग-अलग | तुम दोनों अलग-अलग आना |
| गरम-गरम | गरम-गरम समोसे खाओ |